सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

नई दिल्ली

**मेरे प्रिय साथी,**

आपको और आपके परिवार को वर्ष 2019 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उम्मीद है कि यह नया वर्ष आपके सपनों को साकार करने में, आपकी सफलता को नई ऊँचाई पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आप जहां भी रहें स्वस्थ रहें, सकुशल रहें, मेरी यह मनोकामना है।

यह पत्र मैं आपको प्रवासी भारतीय दिवस के संबंध में लिख रहा हूं।

इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन 21 से 23 जनवरी के बीच वाराणसी में किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नाते तो मैं इस सम्मेलन के उद्घाटन के लिए वहां उपस्थित रहूंगा ही, वाराणसी का सांसद होने की वजह से मुझे दोहरी खुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र को आपके आतिथ्य, आपके सत्कार का अवसर मिलेगा।

इस बार का प्रवासी भारतीय दिवस दो और महत्वपूर्ण आयोजनों के साथ जुड़ा है। इस दौरान जब आप भारत में होंगे, तो उसी समय प्रयागराज में कुंभ मेले की छटा अपनी भव्यता में होगी। साथ ही, 26 जनवरी को देश अपना 70वां गणतंत्रता दिवस भी मनाएगा।

कुल मिलाकर, इस बार का प्रवासी भारतीय दिवस बहुत अनोखा है और अब तक के ऐसे आयोजनों से अलग भी। इस दौरान आप भारत की परंपराओं, अपनी विरासत को एक नई दिव्यता के साथ तो देखेंगे ही, आपको सशक्त होते न्यू इंडिया की भी झलक मिलेगी।

मेरा आपसे यह भी आग्रह होगा कि आप, अपने उन परिजनों और परिचितों को भी यहां आने के लिए प्रोत्साहित करें, जिन्हें यह अवसर पहले नहीं मिला है।

मैं और समस्त काशीवासी आपके आगमन की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**शुभकामनाओं सहित,**

आपका,

**(नरेन्द्र मोदी)**